इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज
UNIVERSITY OF ALLAHABAD, PRAYAGRAJ
राजभाषा प्रकोष्ठ / RAJBHASHA CELL
कक्ष सं. 12-13, प्रथम तल, तिलक भवन, सीनेट परिसर, इलाहाबाद विश्वविद्यालय,
प्रयागराज. ई-मेल rajbhasha@allduniv.ac.in मो. नं. 7535990036.

पत्रांक / File No.: रा.भा./वि.प्र./2026-27/725 दिनांक / Date: 24 जुलाई, 2026.

# सूचना

**विषय: दिनांक 29 जुलाई, 2026 को आयोजित विद्यार्थियों हेतु एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागिता के लिए ऑनलाइन पंजीकरण के संबंध में।**

राजभाषा प्रकोष्ठ, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज द्वारा दिनांक **29 जुलाई, 2026 (बुधवार)** को **पूर्वाह्न 10:00 बजे से व्यावहारिक टिप्पण लेखन एवं प्रारूपण, आवेदन-पत्र एवं प्रार्थना-पत्र लेखन से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान** विषय पर विद्यार्थियों हेतु एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

**कार्यक्रम का विवरण**

| आयोजक | स्थान: | तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| राजभाषा प्रकोष्ठ, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज | तिलक भवन सभागार, सीनेट परिसर, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज । | 29 जुलाई, 2026 (बुधवार) पूर्वाह्न 10:00 बजे से |

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए **ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य** होगा। पंजीकरण हेतु अभ्यर्थियों को नीचे दिए गए **गूगल प्रपत्र (Google Form)** के **लिंक** के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र पूर्णतः भरकर निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन प्रेषित करना होगा।

**गूगल प्रपत्र लिंक (Google Form Link) :**

https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSeGdwer4YMUc1bDUrLfAQBJCzIT4mBbRoLV5gne2YH0qJIUGQ/viewform?usp=publish-editor

**पंजीकरण की अंतिम तिथि: 28 जुलाई, 2026.**

यह स्पष्ट किया जाता है कि **केवल वही अभ्यर्थी प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के पात्र होंगे, जिन्होंने निर्धारित गूगल प्रपत्र (Google Form) के माध्यम से अपना आवेदन सफलतापूर्वक प्रेषित किया होगा।** किसी अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन/अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

चूँकि प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों की संख्या सीमित है, अतः निर्धारित समयावधि में प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों के आधार पर ही प्रतिभागियों का पंजीकरण किया जाएगा।

आशीष

**(प्रो. आशीष खरे)**
कुलसचिव ,
इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज.

**पत्रांक:** रा.भा./वि.प्र../2026-27/ दिनांक 24 जुलाई, 2026.

**प्रतिलिपि:** निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित:-

(1) समस्त अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, निदेशक, समन्वयक, संघटक महाविद्यालयों के समस्त प्राचार्य, वित अधिकारी, परीक्षा नियंत्रक, कुलानुशासक, पुस्तकालयाध्यक्ष, कुल अभियंता, समस्त संयुक्त कुलसचिव, उपकुलसचिव, सहायक कुलसचिव, समस्त अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण;
(2) अध्यक्ष, आई प्रकोष्ठ को इस आशय के साथ कि उक्त आदेश विश्वविद्यालय की आधिकारिक .टी.सी.वेबसाइट पर अपलोड कराया जाए;
(3) जन-संपर्क अधिकारी को इस आशय के साथ कि इस आदेश का विभिन्न संचार माध्यमों से प्रचारित किया जा सके ;
(4) माननीय कुलपति महोदया के वैयक्तिक सचिव को माननीय कुलपति महोदया के सादर सूचनार्थ;
(5) कुलसचिव के वैयक्तिक सचिव को कुलसचिव महोदय के सादर सूचनार्थ ।

हिन्दी अधिकारी (राजभाषा)
24.07.2026.

संयोजक, रा.भा.क.स.
24/07/2026.